भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 726
26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

केरल में स्थापित किए जा रहे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)

726. श्री एम. के. राघवन:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की कालीकट में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) स्थापित करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार केरल में एम्स की स्थापना के लिए कालीकट के स्थान पर किन्हीं अन्य स्थानों पर विचार कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या केरल राज्य सरकार ने एम्स की स्थापना के लिए कोझीकोड में किनलूर के अलावा किसी अन्य स्थान की सिफारिश की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) क्या सरकार के पास कालीकट लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अस्पतालों के लिए स्वीकृत निधियों के संबंध में कोई आंकड़े हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ग): केरल सरकार ने राज्य में नए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना के लिए चार स्थानों नामतः कोझिकोड जिले में किनालूर, तिरुवनंतपुरम जिले में कट्टकडा तालुक, कोट्टायम जिले और एर्नाकुलम जिले की पहचान की है और उन्हें प्रस्तावित किया है। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के वर्तमान चरण में प्रस्ताव को अनुमोदित नहीं किया गया है।

(घ): (i) पीएमएसएसवाई स्कीम के एक अन्य घटक के तहत, सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के निर्माण के माध्यम से सरकारी मेडिकल कॉलेज, कोझीकोड का उन्नयन केंद्र-राज्य हिस्सेदारी के आधार पर 120 करोड़

रुपये की कुल परियोजना लागत पर किया गया है, जिसके लिए 90.90 करोड़ रुपये का केंद्रीय हिस्सा जारी किया गया है।

(ii) पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) सीटों की वृद्धि के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेजों (जीएमसी) के सुदृढ़ीकरण और उन्नयन के लिए केंद्रीय प्रायोजित स्कीम (सीएसएस) के चरण-I के तहत, 27.79 करोड़ रुपये की अनुमोदित लागत के साथ सरकारी मेडिकल कॉलेज, कोझीकोड (कालीकट) में 74 पीजी सीटों को अनुमोदित किया गया। राज्य को 18.75 करोड़ रुपये का संपूर्ण केंद्रीय हिस्सा जारी किया गया है।

(iii) गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम, एक केंद्रीय प्रायोजित स्कीम के तहत, सरकारी मेडिकल कॉलेज, कोझीकोड में 44.5 करोड़ रुपये की लागत से एक विशिष्ट कैंसर परिचर्या केंद्र (टीसीसीसी) को अनुमोदित किया गया है। 26.7 करोड़ रुपये का संपूर्ण केंद्रीय हिस्सा जारी किया गया है।

(iv) वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2023-24 तक कालीकट के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत केंद्र ने 69.69 करोड़ रु. संस्वीकृत किए हैं।

(v) कोझीकोड के लिए प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के अंतर्गत 1.25 करोड़ रुपये के वित्तीय आवंटन के साथ एक एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशाला (आईपीएचएल) और 23.75 करोड़ रुपये के वित्तीय आवंटन के साथ मेडिकल कॉलेज, कोझीकोड में एक क्रिटिकल केयर ब्लॉक (सीसीबी) को अनुमोदित किया गया है।

******